
**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# छह माह के लंबे इंतजार के बाद पाताल भुवनेश्वर गुफा खुली

दर्शन

## गुफा के खुलने से भक्तों की लगी कतार

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ़। छह माह के लंबे इंतजार के बाद प्रथम नवरात्र के दिन गंगोलीहाट के प्रसिद्व धार्मिक स्थल पर लोगों की आवाजाही आखिरकार शुरू हो गई। बता दें कि प्रसिद्व धार्मिक स्थल पाताल भुवनेश्वर गुफा के खुलने से यहां प्रथम नवरात्र के दिन शुरूआती दौर में गाइडलाइन के तहत पूर्णतया नियमों के पालनों को ध्यान में रखकर भक्तगणों ने प्रवेश किया। बीते शुक्रवार को पुरातत्व विभाग द्वारा गुफा खोलने के आदेश के बाद यह गुफा आम लोगों के दर्शन के लिए खोल दी गई। छह माह के लंबे इंतजार के बाद पाताल भुवनेश्वर गुफा में लोगों की चहल पहल दिखाई दी। जानकारी के मुताबिक कोरोना के चलते पाताल भुवनेश्वर गुफा उनीस मार्च से बंद चल रही थी। यह गुफा पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र है। यहां पर दूर दराज इलाकों से साल भर पर्यटकों की आवाजाही होती है। पिछले छह



माह से कोरोना संक्रमण के चलते इस गुफा के बंद होने की वजह से यहां कोई भी आवाजाही नही चल रही थी। वहां पहले नवरात्र के दिन इस बार सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन आदेश के मानकों को ध्यान में रखते हुए गुफा को आक्सीजन गेट के लिए खोला गया। सितंबर व मध्य अक्टूबर तक गुफा में आक्सीजन की कमी रहती है। पहले नवरात्र के दिन गुफा में काफी संख्या में भक्तों ने दर्शन के लिए प्रवेश किया।

गुफा के खुलने से बेरोजगार हो चुके पुजारी पूजा का सामान बेचने वाले दुकानदारों की आजिविका भी चलनी शुरू हुई। पाताल भुवनेश्वर भुमिगत मंदिर परिसर में भगवान शिव का असर मानव जाति की सहायता करने का एक अनूंठा तरीका है। सोलह किमी गंगोलीहाट के उत्तर पूर्व और बीस किमी दूर बेरीनाग के दक्षिण में स्थित पाताल भुवनेश्वर गुफा मंदिर है। यह जिला मुख्यालय से इकानब्बे किमी दूर और समुद्र तल से तेरह सौ पचास मीटर की उंचाई पर स्थित है। यह मंदिर भुवनेश्वर गांव के अन्तर्गत आता है। जो तहसील डीडीहाट में है। मंदिर का रास्ता एक संकीर्ण सुरंग के आकार की गुफा के माध्यम से है जो बहुत ही रोमांचक अनुभव देता है।

मुख्य मार्ग का मार्ग कई कई छोटे गुफाओं में खुलता है। इसमें कई पारंपरिक देवी देवताओ की पत्थर नक्काशी है जो धार्मिक रूचि वाले व्यक्ति में अजीब कल्पनाएं और छवियां पैदा करती है। परंपरागत रूप से माना जाता है कि पाताल भुवनेश्वर की गुफा मंदिर में तैतीस करोड़ देवताओं का निवास स्थान है। मंदिर के मुख्य पुजारी नीलम भंडारी व गंगोलीहाट के तहसीलदार ने सरकारी नियमों व जारी गाइडलाइन के आदेशों के मानकों को ध्यान में रखते हुए गुफा लोगों के दर्शन के लिए खोल दी है।

## न्यूज डायरी

### नेपाल की सब्जी भारतीय बाजारों से हुई गायब

**संवाददाता** पिथौरागढ़। नेपाल सीमा से लगे जौजलीबी बलुवाकोट और धारचूला बाजार में स्थानीय साग सब्जी गायब हो चुकी है। बता दें कि जैविक सब्जी होने से इसकी मांग यहां काफी ज्यादा रहती थी। यहां बहुत बिका करती थी। वही इस बार मार्च माह से चले लाकडाउन के कारण नेपाल सीमा के बंद होने की वजह से नेपाल की सब्जी भारतीय बाजारों से गायब हो चुकी है। वही अब नेपाल सीमा के बंद होने से साग सब्जी का मामला गहरा गया है।

### प्रवासी उत्तराखंडी समाजसेवी दाताराम जोशी के निधन पर शोक व्यक्त

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष और पूर्व मंत्री धीरेंद्र प्रताप ने दिल्ली के जाने–माने प्रवासी उत्तराखंडी समाजसेवी दाताराम जोशी के निधन पर गहरा दुख और शोक व्यक्त किया है। यहां जारी एक बयान में धीरेन्द्र प्रताप ने बताया कि दाताराम जोशी जो टिहरी गढ़वाल के रहने वाले थे को उत्तराखंडी समाज का एक जाना माना चेहरा और समाज सेवा को प्रतिबद्ध एक व्यक्तित्व बताते हुए कहा है कि उनके निधन से दिल्ली के प्रवासी उत्तराखंडियों ने अपना एक बहुत ही योग्य और प्रतिभाशाली समाजसेवी खो दिया है। उन्होंने दाताराम जोशी द्वारा दिल्ली में रह रहे प्रवासी उत्तराखंडियो, यहां गढ़वाल हितैषीणी सभा, गंगोत्री उत्तराखंडी संगठन ,टिहरी जनपद और यहां आयोजित होने वाली रामलीला समेत तमाम सामाजिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भागीदारी का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके निधन से जो रिक्तिता पैदा हुई है।

### किया सेल्टोस का एनिवर्सरी एडिशन हुआ लॉन्च

**संवाददाता** हल्द्वानी। किया मोटर्स कॉर्पोरेशन के पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी किया मोटर्स इंडिया ने आज किया सेल्टोस का एनिवर्सरी एडिशन लॉन्च किया है। यह एडिशन देश में इस कार के एक साल पूरा करने की उपलब्धि के जश्नव के रूप में पेश किया गया है। लिमिटेड एडिशन किया सेल्टोस एचटीएक्स ट्रिम में 13,75,000 रुपये के आकर्षक मूल्य (एक्स–शोरूम, पूरे भारत के लिये) पर एक्सक्लूसिव तरीके से उपलब्ध होगी। रेगुलर सेल्टोस की तुलना में किया सेल्टोस एनिवर्सरी एडिशन के एक्सटीरियर और इंटीरियर में कई बदलाव किये गये हैं, जैसे सिल्वर डिफ्युजर फिंस के साथ टस्क शेप स्किड प्लेट, टैंगरिन फॉग लैम्प बेजल, टैंगरिन सेंटर कैप के साथ 17 इंची रैवन ब्लैक एलॉय व्हील्स, ब्लैक वन टोन इंटीरियर्स, हनीकॉम्ब पैटर्न के साथ कृत्रिम चमड़े की रैवन ब्लैक सीटें, आदि।



## सुमटी में महिलाओं ने ली स्वरोजगार की शपथ

**संवाददाता** बागेश्वर। उत्तराखंड पर्वतीय आजीविका संवर्धन संस्था का सुमटी में उद्यमिता विकास के तहत मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण चल रहा है। जिसमें गांव की महिलाएं बढ़चढ़कर हिस्सा ले रही हैं। यह प्रशिक्षिण शिविर दस दिनों तक चलेगा। शुक्रवार को महिलाओं ने स्वरोजगार करने की शपथ ली और अन्य ग्रामीण महिलाओं को भी इसके लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षक भगवत कोरंगा ने कहा कि मशरूम की खेती के लिए महिलाओं को तैयार किया जा रहा है। यह खेती पहाड़ पर भी अब खूब फलफूल रही है। नकदी फसल होने से महिलाओं की आजीविका में सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि कपकोट क्षेत्र में महिला समूहों को पूर्व में भी प्रशिक्षण दिया गया है। उन्होंने बताया कि स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार योजना के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की पहल शुरू हुई है। जिसका सभी लोगों को लाभ उठाना होगा।

## रोडवेज कर्मचारियों को चार माह का वेतन अभी तक क्यों नहीं दिया गया

**संवाददाता** नैनीताल। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने रोडवेज कर्मचारी यूनियन की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार से पूछा है कि रोडवेज कर्मचारियों को चार माह का वेतन अभी तक क्यों नहीं दिया गया। कोर्ट ने इस पर दस दिन के भीतर जवाब पेश करने के निर्देश दिए हैं। जबकि परिसंपत्तियों के बंटवारे के मामले में उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से कोर्ट में एक प्रार्थना पत्र पेश किया गया है। पूर्व में कोर्ट ने यूपी सरकार को परिसंपत्तियों के बंटवारे का 27.63 करोड़ रुपये उत्तराखंड को चार सप्ताह में भुगतान करने दे को कहा था , यूपी सरकार में प्रार्थना पत्र दाखिल कर इस आदेश पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया है। कोर्ट ने इस पर सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता से अगली तिथि तक जवाब पेश करने को कहा है।



शुक्रवार को कार्यवाहक मुख्य न्यायधीश रवि कुमार मलिमठ व न्यायमूर्ति रविन्द्र मैठाणी की खण्डपीठ में रोडवेज कर्मचारी यूनियन की जनहित याचिका पर सुनवाई हुई।सुनवाई के दौरान यूनियन के अधिक्तका ने कोर्ट के सम्मुख यह भी यह भी तथ्य उठाया कि मुख्यमंत्री की तरफ से जून में कर्मचारियों के वेतन हेतु 18 करोड़ रुपये देने की घोषणा भी की गई थी परन्तु अभी तक उक्त राशि नही दी गयी।

यूनियन की तरफ से जनहित याचिका दायर कर कहा है कि उनको निगम द्वारा समय पर वेतन व अन्य भत्ते नहीं दिया जा रहा है। न ही सरकार यूपी से पुराना पैसा वापस ले रही है।

# सीमा पर पकड़े गए पटाखे व चायनीज मटर, तस्कर फरार

**संवाददाता**

खटीमा। भारत–नेपाल सीमा पर सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने गश्त के दौरान पिकअप से 34 बोरे चायनीज मटर व 90 पैकेट इलेक्ट्रिक पटाखे बरामद किए। हालांकि तस्कर मौके से भागने में कामयाब रहे। जवानों ने पकडे गए सामान व वाहन सीमा शुल्क विभाग के सुपुर्द कर दिया। 57वीं वाहिनी एसएसबी के कमांडेट बृजपाल सिंह के निर्देश पर सी कंपनी मेलाघाट के इंस्पेक्टर मनोहर लाल के नेतृत्व में जवान गुरुवार की रात नेपाल सीमा से सटे क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें नेपाल से एक वाहन में तस्करी का सामान लाए जाने की सूचना मिली। जिस पर



जवानों ने चेकिंग शुरू कर दी। इसी बीच 22 पुल पर सीमा की ओर से आ रही पिकअप संख्या यूके 04सीबी 0465 को जवानों ने रुकने का इशारा किया। इस पर चालक ने वाहन की गति तेज कर दिया। टीम ने घेराबंदी कर वाहन को पकड़ लिया। हालांकि इस दौरान चालक अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से भाग निकला। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें 34 बोरे चायनीज मटर व 90 पैकेट इलेक्ट्रिक पटाखे बरामद हुए, जिसको एसएसबी जवानों ने अपने कब्जे में ले लिया। पकड़े गए सामान की कीमत वाहन समेत नौ लाख रुपये आंकी गई है। टीम में एएसआइ प्रेम सिंह, मदन राम, दिनेश सिंह रावत, संजय कुमार, सरदरमल वर्मा, मोनू शामिल रहे।

## पुरोला में 5-6 नवंबर को होगा पुरोला मण्डल का प्रशिक्षण

**संवाददाता** पुरोला। भाजपा की प्रदेश भर में चल रहे प्रशिक्षण वर्ग के क्रम में पुरोला में भी 5–6 नवम्बर को पुरोला भाजपा मंडल का प्रशिक्षण वर्ग बैठक तय की गई है। बैठक को लेकर भाजपाइयों ने शुक्रवार को पुरोला मंडल अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में कार्ययोजना की बैठक की जिसमे भाजपा पदाधिकारियों ने बैठक कर चर्चा की साथ ही सभी ने अपने सुझाव रखे। कार्ययोजना की बैठक के मुख्य अतिथि पूर्व जिलापंचायत अध्यक्ष नारायण सिंह चौहान ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा पूरे प्रदेश में प्रशिक्षण वर्ग की बैठक कर कार्यकर्ताओं को भाजपा के मूल सिद्धांतों के बारे मे बारीकी से प्रशिक्षित करेगी जिसमे सभी कार्यकर्ताओ की उपस्थिति अनिवार्य होगी कार्ययोजना की बैठक में जिला प्रशिक्षण प्रमुख अमीचंद शाह,बलदेब रावत,सतेंद्र राणा,उपेंद्र असवाल, लोकेश उनियाल,विकास राणा, राजपाल पंवार,राजेन्द्र गैरोला,विनोद असवाल,रामचंद्र पंवार, अनिता, राजबाला,रामप्यारी आदि उपस्थित थे।